कोयला उपभोक्ताओं से की जाती है और उसका भुगतान राज्य सरकारों को किया जाता है।

(ख) से (घ) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर को दृष्टिगत करते हुए प्रश्न ही नहीं उठता है।

Interest burden on Singareni Collieries

322. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether large interest burden has fallen on the Singareni Collieries Company Ltd. during the Eighth Five Year Plan;

(b) whether the Government of Andhra Pradesh has requested Government to waive this interest burden to make Singareni Collieries functioning more effectively; and

(c) if so, the response of Government towards the request of the Andhra Pradesh Government?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI DILIP RAY): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The Government of Andhra Pradesh have requested the Ministry of Coal or waiver of the outstanding interest of Rs. 663.34 crores due from Singareni Collieries Company Limited (SCCL) which had accrued during the VIII Plan period on the loans from Government of India. A restructuring package including revision of the equity-debt structure of SCCL and the request of the State Government for waiver of the outstanding interest is under consideration of the Ministry of Coal.

वर्ष 1999 को "सैनिक वर्ष" के रूप में मनाया जाना

323. श्री कपिल सिब्बल:
श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आगामी वर्ष अर्थात् 1999 को "सैनिक वर्ष" के रूप में मनाने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसे मनाने के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस अवसर पर भारतीय सैनिकों के लिए क्या योजना बनाई गई है?

रक्षा मंत्री (श्री जॉर्ज फर्नान्डीज): (क) इस सरकार द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

सियाचिन पर भारत-पाक वार्ता

324. श्री जे० चितरंजन:
श्री जनेश्वर मिश्र:
श्री गुरूदास दासगुप्त:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सियाचिन पर भारत-पाक वार्ता विफल हो गई है;

(ख) यदि हां, तो इस बातचीत के मुख्य मुद्दे क्या थे तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि सियाचिन जैसे दुर्गम, दुरूह और कठोर स्थान पर सैनिक चौकी रखना काफी कष्टसाध्य एवं धनसाध्य काम है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में भी इस मुद्दे पर बातचीत जारी रखेगी?

रक्षा मंत्री (श्री जॉर्ज फर्नान्डीज): (क) से (घ) सियाचिन समस्या को पाकिस्तानी प्राधिकारियों से बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए सरकार सभी संभव प्रयास कर रही है। इस संबंध में कई दौर की वार्ता हो चुकी है। हाल ही में, भारत और पाकिस्तान के रक्षा सचिवों के बीच दुबारा 6 नवंबर, 98 को नई दिल्ली में बैठक हुई है। बैठक के दौरान बातचीत बेबाक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। दोनों पक्षों ने इस मामले पर अपने-अपने विचार रखे। अगले दौर की वार्ता में इस मामले पर बातचीत जारी रखने पर सहमति हुई।

सियाचिन का इलाका चाहे जिस किस्म का हो, भारतीय सेना की वहां मौजूदगी राष्ट्रीय सुरक्षा की परम आवश्यकता है।